दिनांक 20.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम द्वारा नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर बनाये गए स्लैब को हटाये जाने का अभियान जारी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि तीनों पालियों में नियमित रुप से चल रहे निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान का स्वास्थ्य अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर प्रतिदिन की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी मेरे द्वारा समय–समय पर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में चल रहे सफाई व्यवस्था अतिक्रमण एवं विकास कार्य को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।

निगम श्री चौहान के द्वारा लगातार सभी जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब एवं चल रहे विकास कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्वयं आयुक्त महोदय के द्वारा वार्ड के स्थानीय नागरिकों से भेंट कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जायजा ले रहें हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी